# प्रेस नोट दिनांक 28.04.2026

# थाना बारादरी जनपद बरेली।

## थाना बारादरी #bareillypolice पुलिस द्वारा IAS अफसर बनकर सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लोगो से रुपये ठगने व फर्जी नियुक्ति पत्र देने वाली 03 अभियुक्ताओं को किया गिरफ्तार।

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

दि0 26.04.26 को प्रीति लयल पुत्री जन लयल नि0 फाईक एन्क्लेव फेस 2 थाना बारादरी जिला बरेली ने सूचना दी कि वर्ष 2022 में शिखा पाठक पुत्री विरेन्द्र कुमार शर्मा नि0 ग्रेटर ग्रिन पार्क थाना बारादरी, बरेली से मुलाकात हुई, जिसके द्वारा बताया कि मेरी बहन विप्रा शर्मा SDM है तथा पैसे लेकर Govt. Jobe लगवाती है। वर्ष 2022 मे कम्पूटर अपरेटर की Jobe UPSSSC के माध्यम से जारी की गयी है, जिसमें हम नौकरी लगवा देगे। मेरे द्वारा अपने परिचित आदिल खान पुत्र जफर खान नि0 फाईक एन्क्लेव फेस 2 थाना बारादरी, बरेली, संतोष कुमार पुत्र रामेश्वरदयाल नि0 सतीपुर बरेली थाना बारादरी, बरेली व मुशाहिद को इस बारे में बताया। हम चारो को नौकरी की जरुरत थी। इसके पश्चात हम चारो शिखा पाठक व विप्रा शर्मा से मिलने घर गये तथा हम चारों के द्वारा बैंक अकाउंट व नगद करीब 11 लाख रुपये दे दिये। इसके पश्चात विप्रा शर्मा द्वारा आयुक्त एव सचिव राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश लखनऊ अनुभाग-4 तैनाती कम्पयुटर अपरेटर पद हेतु आयुक्त एवं सचिव उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के नाम से फर्जी हस्ताक्षर व फर्जी दस्तावेज तैयार कर नियुक्ति मेल, डाक व व्हाटसअप के माध्यम से भेजे गये। जानकारी पर नियुक्ति पत्र सभी फर्जी है। विप्रा शर्मा अपनी गाड़ी पर SDM FR उत्तर प्रदेश शासन लिखाया है तथा स्वय को IAS बताती थी। उक्त सूचना पर मु0अ0सं0 511/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि बनाम 1. डा0 विप्रा शर्मा 2. शिखा शर्मा पुत्री गण वीरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क थाना बारादरी बरेली के विरूद्ध पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 नितिन राणा द्वारा सम्पादित की जा रही है।

उक्त घटना को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गम्भीरता से लेते थाना बारादरी पर पुलिस टीम बनाकर घटना का शीघ्र अनावरण कर करने के निर्देश दिये गये थे। थाना बारादरी पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 27.04.2026 को अभियुक्ता 1.डा0 विप्रा शर्मा पुत्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क थाना बारादरी बरेली 2.दीक्षा पाठक पुत्री उमाकान्त पाठक बताया निवासी पवन विहार कालोनी थाना बारादरी जिला बरेली 3. शिखा शर्मा पुत्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क थाना बारादरी बरेली को डेन्टल कालेज रोड पर सावर्जनीक शौचालय के पास से मय कूटरचित दस्तावेज, 07 चैक बुक, एक विवो एक्स-200 प्रो रंग ग्रे IMEI नं0.862492086827710, 02 मोबाइल कम्पनी आई फोन 16 प्रो मैक्स, एक मोबाईल विवो एक्स 100 प्रो व घटना मे प्रयुक्त एक कार MAHENDRA XUV 700 रंग सफेद रजि0 न0 UP25EC3222 जिस पर SDM FR उ0प्र0 सरकार लिखा है, सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा 204/317(2) बी0एन0एस0 की बढोत्तरी की गयी तथा उपरोक्त मुकदमें में अग्रिम विवेचना धारा 420/467/468/471 भादवि व 204/317(2) बीएनएस में सम्पादित की जा रही है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तागण से पूछताछ कर मा0 न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है। अभियुक्ता डा0 विप्रा शर्मा व दीक्षा पाठक के बैंक खातों की जानकारी करने पर भिन्न –भिन्न बैंक के खातो में करीब 55 लाख रूपये को फ्रीज करने हेतु सम्बन्धित बैंको को रिपोर्ट प्रेषित की गयी है। उक्त रुपये लोगो से नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधडी कर लिये गये थे।

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरण (जैसे कि वह कहाँ का रहने वाला है, कितना पढ़ा-लिखा है,पूर्व में/वर्तमान क्या करता/करती है, घटना स्थल किस तरह पहुँचा और अपराध में संलिप्त करने का कारण आदि)-**

पूछताछ पर अभियुक्ताओं 1. विप्रा शर्मा पुत्री श्री वीरेन्द्र शर्मा निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क थाना बारादरी जिला बरेली हाल पता पवन विहार कालोनी थाना बारादरी जिला बरेली 2. दीक्षा पाठक पुत्री उमाकान्त पाठक बताया निवासी पवन विहार कालोनी थाना बारादरी जिला बरेली ने बताया कि विप्रा व शिखा व इनकी ममेरी बहन दीक्षा पाठक द्वारा शिखा शर्मा को लोगो को एडीएम जैसे रसूखदार पद पर बताकर उन्हे UPSSSC व अन्य सरकारी विभागो मे नोकरी लगवाने का लालच देकर उन लोगो से पैसे लेकर हम लोग कूटरचित नियुक्ती पत्र बनाकर लखनऊ जाकर जरिये डाक उनके पते पर भेज देते थे, जिसे उनको विश्वास हो जाये कि उन्हे नियुक्ति पत्र सम्बन्धित सरकारी विभाग से प्राप्त हुये है व उन्हे जरिये वाहट्अप व ईमेल के माध्यम से भी फर्जी नियुक्ती पत्र तैयार कर भेजा करते थे। जिससे तीनो लोगो से रुपये नगद व अपने खातो मे ले लेते थे। जो पैसा मिलता था उसे आपस मे बाट लेते थे। दीक्षा पाठक ने जो गाडी खरीदी है एवं दीक्षा ने जो मकान पवन विहार मे लिया है वह भी धोखाधड़ी से प्राप्त उन्ही लोगो के पैसे से खरीदा गया है। इनके द्वारा यह कार्य वर्ष 2021-2022 से किया जा रहा है और बहुत

सारे लोगो को नौकरी लगवाने का लालच देकर उनसे नगद व आनलाईन रुपये लिये है, उनमे से ज्यादा तक रुपया इनके द्वारा अपने शोक मे उडा दिये है तथा इन्ही रूपयो से हमने एक गाडी MAHENDRA XUV 700 रंग सफेद रजि0 न0 UP25EC3222 खरीदी है। आज भी हम एक व्यक्ति से मिलने के लिए जा रही थी कि आपने पकड़ लिया। हम सभी ने नौकरी लगाने के नाम पर काफी लोगो से पैसे लिये थे कुछ रुपये हम लोगो ने आनलाईन माध्यम व कुछ नगद लिये थे। एक मकान हमने पवन विहार में खरीदा है, जिसमें हम फर्जी नियुक्ति पत्र तैयार करते है।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-**

मु0अ0सं0 511/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि व 204/317(2) बी0एन0एस0 बनाम 1.डा0 विप्रा शर्मा पुत्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क थाना बारादरी बरेली 2.दीक्षा पाठक पुत्री उमाकान्त पाठक बताया निवासी पवन विहार कालोनी थाना बारादरी जिला बरेली 3. शिखा शर्मा पुत्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क थाना बारादरी बरेली (प्रकाश में) के विरूद्ध दिनांक 26.04.2026 को पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्ताओ को मा0 न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड हेतु प्रस्तुत किया जा रहा है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः –**

1.डा0 विप्रा शर्मा पुत्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क थाना बारादरी बरेली।
मु0अ0सं0 511/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि व 204/317(2) बी0एन0एस0 थाना बारादरी बरेली।
2.दीक्षा पाठक पुत्री उमाकान्त पाठक बताया निवासी पवन विहार कालोनी थाना बारादरी जिला बरेली।(प्रकाश में)
मु0अ0सं0 511/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि व 204/317(2) बी0एन0एस0 थाना बारादरी बरेली।
3. शिखा शर्मा पुत्री वीरेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्रेटर ग्रीन पार्क थाना बारादरी बरेली।
मु0अ0सं0 511/2026 धारा 420/467/468/471 भादवि व 204/317(2) बी0एन0एस0 थाना बारादरी बरेली।

**बरामदगी विवरणः-**

कूटरचित दस्तावेज
10 चैक बुक
04 मोबाइल फोन ( आईफोन व वीवो कम्पनी )
घटना मे प्रयुक्त एक कार MAHENDRA XUV 700 रंग सफेद रजि0 न0 UP25EC3222
4.50 लाख रूपये नगद
दो लैपटाप
03 पासबुक
55 लाख रूपये विभिन्न खातो में फ्रीज

**गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरणः-**

- प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह थाना बारादरी बरेली।
- उ0नि0 नितिन राणा चौकी प्रभारी कांकरटोला थाना बारादरी बरेली।
- उ0नि0 कुशल पाल चौकी प्रभारी जोगी नवादा थाना बारादरी बरेली।
- उ0नि0 सौरभ तोमर थाना बारादरी बरेली।
- हे0का0 769 राघवेन्द्र सिंह थाना बारादरी बरेली।
- म0हे0का0 480 नीरज देवी थाना बारादरी बरेली।
- म0का0 33 मोनी थाना बारादरी बरेली।